सनसनी ▶ धक्का-मुक्की के दौरान फाड़ी वर्दी, आरोपी पर केस दर्ज

# ड्यूटी से वापस लौट रहे आरक्षक पर हमला



**नवभारत उमरिया 1 मार्च।** जिला मुख्यालय के रणविजय चौक के पास कानून व्यवस्था को सरेआम चुनौती देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां ड्यूटी से लौट रहे एक पुलिसकर्मी पर ही हमला कर दिया गया। भीड़ के बीच न केवल आरक्षक के साथ धक्का-मुक्की की गई, बल्कि उनकी वर्दी तक फाड़ दी गई। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, आरक्षक मुकेश सिंह अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि कुछ लोग एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे हैं। मानवीयता दिखाते हुए आरक्षक मुकेश सिंह ने बीच-बचाव कर उस व्यक्ति को बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचाने की कोशिश व बीच-बचाव करना उन्हें महंगा पड़ गया।

### आरोपी की पहचान विमल लाड़िया के रूप में हुई

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब आरक्षक मुकेश सिंह ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो वे उनसे ही उलझ गए। मुख्य आरोपी, जिसकी पहचान विमल लाड़िया के रूप में हुई है, ने आरक्षक पर हमला कर दिया। दोनों के बीच हुई धक्का-मुक्की में आरोपी ने आरक्षक की वर्दी फाड़ दी। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।इस पूरे वाकये ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिन-दहाड़े एक पुलिसकर्मी पर इस तरह का हमला क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के बढ़ते हौसले को दर्शाता है।

### पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायल आरक्षक मुकेश सिंह ने थाने पहुंचकर आरोपी विमल लाड़िया के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट करने और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में ज्यादा अपशब्द होने के कारण इसे म्यूट करके शेयर किया जा रहा है।

## होलिका दहन में करें गौकाष्ठ का उपयोग : जैन

**चिल्हारी 1 मार्च।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से यह प्रयास किया जाए कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ का प्रयोग हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और पानी बचाने के लिए प्राकृतिक व हर्बल रंगों से होली खेलने तथा पशु-पक्षियों पर रंग नहीं डालने के संकल्प के साथ हुड़दंग से दूर रहकर भाईचारे के साथ होली का उत्सव मनाने लिए प्रोत्साहित किया जाए। विशेष रूप से लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए जिले में विभिन्न स्तरों पर आयोजित किए जाने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का नि:शुल्क पंजीयन कराए जाने की व्यवस्था की जाए। यह पंजीयन सभी जिला मुख्यालयों में पंचायत तथा अन्य स्थानों पर तहसील तथा नगरीर निकायों के माध्यम से पूर्णत: नि:शुल्क किया जाए।

# अवैध खनन व परिवहन करते 5 वाहन जब्त

▶ मुरम और गिट्टी का ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो रहा था अवैध परिवहन

**नवभारत उमरिया 1 मार्च।** खनिज मुरम के अवैध उत्खनन में संलिप्त तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी जब्त किया गया। मुरम का बिना टीपी और बिना अनुमति के उत्खनन तथा परिवहन बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके अलावा दो अन्य वाहन भी जब्त किए गए।

जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को कार्रवाई की है। खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनिज परिवहन और उत्खनन में शामिल पांच वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनिज अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनिज निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा और प्रभारी खनिज निरीक्षक एनएस आर्मी की संयुक्त टीम ने की।

**दो वाहन कर रहे थे गिट्टी का अवैध परिवहन**-टीम ने खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में लगे दो वाहनों को पकड़ा। इनमें वाहन क्रमांक एमपी 54 जेडबी 1981 और एक बिना नंबर का ट्रैक्टर शामिल हैं। इन्हें वन परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी विद्याकांत तिवारी ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ सघन जांच अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

**अंधे मोड़ पर खड़े रहते हैं भारी वाहन**-जिले के चंदिया नगर में कटनी बाइपास मार्ग पर अव्यवस्थित रूप से खड़े ट्रकों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। करीब एक किलोमीटर लंबे हिस्से में सड़क के दोनों किनारों पर भारी वाहनों की कतार लगने से आवागमन बाधित हो रहा है। वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों को साइड देने में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम 7 से सुबह 8 बजे तक ट्रक सड़क घेरकर खड़े रहते हैं। मार्ग पर अंधा मोड़ होने के कारण सामने से आने वाले वाहन समय पर दिखाई नहीं देते, जिससे खतरा और बढ़ जाता है।

# मालवाहक की टक्कर से 3 गंभीर घायल

▶ बांका मोड़ चंदिया के पास हुआ हादसा



**नवभारत उमरिया 1 मार्च।** नगर के एनएच-43 स्थित बांका चौराहा के पास शनिवार शाम करीब 5 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें मोटरसाईकिल सवार पति-पत्नी और उनकी डेढ़ साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ग्राम भुंडी (तहसील चंदिया) निवासी राजीव कोल, पत्नी सरस्वती कोल और डेढ़ वर्षीय पुत्री त्रिसा के साथ मोटरसाईकिल से ससुराल ग्राम करेला (जिला कटनी) से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बांका मोड़ (चंदिया) के पास पहुंचे, कटनी की ओर से आ रही 407 मालवाहक वाहन क्रमांक सीजी 10 एफ 2825 ने बाइक को बगल से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजीव और उनकी पत्नी सरस्वती कोल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि डेढ़ साल की बच्ची त्रिसा के सिर में गंभीर चोट आई है।

### जिला अस्पताल किया गया रेफर

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया लाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल उमरिया रेफर कर दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस द्वारा वाहन और हादसे के संबंध में जांच की जा रही है।

# विद्यार्थियों के बनाए मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र

▶ नर्मदांचल विद्यापीठ में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**शहपुरा नवभारत 1 मार्च।** बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ में विज्ञान दिवस उत्साह, जिज्ञासा और वैज्ञानिक चेतना के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर विज्ञान प्रदर्शनी, नवाचारपूर्ण मॉडलों और विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रस्तुतियों से सुसज्जित दिखाई दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.बी. अग्रवाल, डॉ .कृष्ण बिलैया तथा विक्रम सिंह रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न विज्ञान प्रोजेक्ट, कार्यशील (वर्किंग) मॉडल, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया।

**अतिथियों ने विद्यार्थियों से किया संवाद**-विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत, जल संरक्षण, विज्ञान के दैनिक जीवन में उपयोग, स्वच्छता एवं तकनीकी नवाचार जैसे विषयों पर अत्यंत आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। अतिथियों ने प्रत्येक मॉडल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया, उनके विचारों को जाना तथा उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रेरित किया।

**विद्यार्थी वैज्ञानिक सोच अपनाएं**-अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जिज्ञासा, प्रयोग और नवाचार की भावना को जागृत करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने, प्रश्न पूछने और नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और शोध प्रवृत्ति का विकास करते हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यंत परिश्रम और लगन से अपने मॉडल तैयार किए थे, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे।

# डिंडौरी-मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण का औचक निरीक्षण, गुणवत्ता पर कलेक्टर सख्त



**डिंडौरी,1 मार्च।** विगत दिवस कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने डिंडौरी से मंडला रोड राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन कार्यों का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नदी पर बनाए जा रहे पुल निर्माण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित निर्माण एजेंसी व ठेकेदार को निर्देशित किया कि बरसात प्रारंभ होने से पूर्व सड़क एवं सभी पुलों का कार्य पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पाया कि सड़क निर्माण के चलते ग्राम पंचायत रयपुरा, ग्राम पंचायत किशलपुरी सहित अन्य ग्रामों की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इस पर उन्होंने संबंधित एजेंसी को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को समय पर पेयजल उपलब्ध हो सके और किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य डीपीआर में निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही गुणवत्तापूर्ण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़क से राहगीर परेशान, आवागमन मुश्किल

▶ जनपद पंचायत मुख्यालय से धनवासी तक सड़क गड्ढों में तब्दील



**अमरपुर नवभारत 1 मार्च।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर से धनवासी सड़क जोकि वर्तमान समय में गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। इस सड़क मार्ग से लगभग 6 ग्राम पंचायतें जुड़ती हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सबसे अधिक आवागमन होता है, साथ ही स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी इसी इसी मार्ग से आवगमन करती हैं।

इस मार्ग के जर्जर होने से चलते क्षेत्रीय लोगों को मजबूरी में दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा हैं। उक्त सड़क मार्ग में ऐतिहासिक ग्राम रामगढ़ भी पडता हैं, जहां पर भ्रमण करने के लिए निरंतर सैलानी दूर दराज से पहुंचते हैं। सड़क जर्जर होने के कारण उन्हें भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

### गुणवत्ताहीन किया गया था मरम्मत कार्य

जानकारी अनुसार कुछ समय पूर्व विभाग द्वारा मरम्मत कार्य भी करवाया गया था, जो गुणवत्ताहीन होने की वजह से ज्यादा दिन तक नहीं टिक पाया। विभाग द्वारा सड़क की शिकायत करने के लिए एप भी जारी किया गया हैं, परंतु इस प्रक्रिया से ग्रामीण अनभिज्ञ हैं। अब कुछ दिनों में सड़क मरम्मत लायक भी नहीं रह जाएगी और पुन: नई सड़क निर्माण किया जाएगा।

### वाहन चालक हो चुके हैं दुर्घटना का शिकार

जानकारों की माने तो मार्ग की हालत ठीक नहीं होने के चलते अनेकों बार राहगीरों सहित वाहन चालक सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हो चुके हैं, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति सहित मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा है। लगातार क्षेत्रीय लोगों द्वारा नई सड़क बनाने की मांग की जा रही है, इसके बावजूद जाने की जनप्रतिनिधियों सहित आला अधिकारियों के कानों में जू तक नहीं रेंगी। अब देखना यह होगा कि लंबे समय से ग्रामीणों की मांग पर कब तक विचार किया जाता है।



# निवसी को 51 रन से हराकर शहपुरा पहुंचा फाइनल में

▶ विधायक कप क्रिकेट : रवि ने खेली अर्धशतकीय पारी

**शहपुरा नवभारत 1 मार्च।** क्षेत्र में आयोजित विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला रविवार को बेहद रोमांचक रहा, जहां शहपुरा टीम ने निवसी को 51 रनों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। मैच के दौरान मैदान पर हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शहपुरा टीम ने निर्धारित ओवरों में 150 रन बनाए। रवि लिपटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 54 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी निवसी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शहपुरा के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी करते हुए लगातार विकेट चटकाए। दबाव में आई निवसी टीम 99 रनों पर ही सिमट गई। शहपुरा के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को संभलने का मौका नहीं दिया और मैच 51 रनों से अपने नाम कर लिया।

**दर्शकों में रहा उत्साह का माहौल**-मैच के दौरान हर चौके-छक्के और विकेट पर दर्शकों की तालियों और उत्साह ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे मैच शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अब विधायक कप का फाइनल मुकाबला लिटिल और पैंथर इलेवन के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह है।

**विजेता व उपविजेता को पुरस्कृत किया जाएगा**-फाइनल के विजेता को 51 हजार रुपये की नगद राशि एवं उपविजेता टीम को 25 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। खेल प्रेमियों को अब फाइनल मुकाबले का बेसब्री से इंतजार है, जहां एक और रोमांचक भिड़ंत देखने को मिलेगी।

## ट्रेन से कटे युवक की मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत जमतरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के वार्ड बॉय विशंकर धुर्वे (46 वर्ष) ने थाने में सूचना दी कि एक अज्ञात युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहाँ डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 23 वर्ष है और वह कहा का रहने वाला है इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है।

# कचरे को अलग-अलग रखने किया जागरूक

▶ 5 मार्च तक चलेगा जागरूकता अभियान



**नौरोजाबाद नवभारत 1 मार्च।** जिले की नौरोजाबाद नगर परिषद में शासन के आदेशानुसार प्रदेश के नगरी निकायों में मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प अभियान का आयोजन माह फरवरी से अप्रैल 2026 तक किया जाना है।

इसका मुख्य उद्देश्य शहरी स्वच्छता और विभिन्न वर्गों को स्वच्छता में सहभागी बनाने एवं व्यवहार परिवर्तन को लक्षित करते हुए विशेष गतिविधियों का संचालन करना है। इसका द्वितीय घटक कचरे का पृथक्कीकरण, संग्रहण और परिवहन है, जिसका संचालन 27 फरवरी से 5 मार्च तक किया जाना है। इसके लिए 28 फरवरी को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में नगर परिषद नौरोजाबाद की स्वछता टीम द्वारा डोर टू डोर जागरूकता अभियान के तहत वार्ड के नागरिकों को उनके घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन के माध्यम से अलग-अलग कर नगर परिषद द्वारा संचालित स्वच्छ कचरा वाहन में ही देने हेतु जागरूक किया गया। नागरिकों को डेमो द्वारा कचरे को अलग-अलग रखने हेतु समझाइश दी गई।

# नर्मदा डैम घाट पर सेवादारों ने की स्वच्छता सेवा

▶ होली से पहले चला विशेष सफाई अभियान




**डिंडौरी, नवभारत 1 मार्च।** होली पर्व के शुभ अवसर पर जब हर घर रंगाई-पुताई और साफ-सफाई से सज रहा है, उसी क्रम में 'मैया अभियान' के सेवादारों ने रविवार प्रात: 7 बजे नगर के मुख्य नर्मदा डैम घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। 'निर्मल घाट-निर्मल नर्मदा' के संकल्प के साथ सेवादारों ने हाथों में झाड़ू उठाकर घाटों की सफाई की और श्रमदान किया। इस दौरान सकर घाट डेम से धर्मशाला तक फैली प्लास्टिक पन्नियां, दूषित कपड़े एवं पूजन-विसर्जन सामग्री को एकत्रित कर लगभग एक ट्रॉली कचरा हटाया गया। अभियान में शामिल सदस्यों ने घाटों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने का संदेश दिया। गौरतलब है कि 'मैया अभियान' की शुरुआत 11 नवम्बर 2022 को तत्कालीन कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा की गई थी। अभियान का उद्देश्य है कि सप्ताह में कम से कम एक दिन नागरिक एकजुट होकर माँ नर्मदा की सेवा में श्रमदान करें, घाटों की साफ-सफाई करें और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। सेवादारों का कहना है कि जीवनदायिनी मां नर्मदा की सच्ची सेवा स्वच्छता से ही संभव है।

अभियान के अंत में सेवादारों ने नगरवासियों एवं विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए 'मैया अभियान' से जुड़ने का आग्रह किया। रविवार के श्रमदान में जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, नेहरू युवा केन्द्र से आरपी कुशवाहा, प्राचार्य शाहिद खान, प्राचार्य राम विशाल मिथलेश, अवध गोहिया, महेंद्र उचेहरा, माही बरोतिया, भागवत यादव तथा देवदूत रक्तदान समूह के सदस्य शामिल रहे। सभी ने श्रमदान कर स्वच्छता का दीप प्रज्वलित किया।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर दिया जाए विशेष ध्यान



▶ कलेक्टर ने मेहदवानी क्षेत्र में विकास कार्यों का किया निरीक्षण


**डिंडौरी, 1 मार्च।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने मेहदवानी अंतर्गत माध्यमिक शाला खुरपार सहित ग्राम पंचायत कलगीटोला, चौबीसा, राई, सारसडोली, देवरगढ़ एवं मेहदवानी में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी आवास समय पर पूर्ण किए जाएं, ताकि हितग्राही आगामी बरसात से पहले अपने पक्के मकान में निवास कर सकें। साथ ही सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

ग्राम पंचायत सारसडोली में ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को गांव एवं श्मशान घाट के पास पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव को सौंपा गया सीईओ मानपुर का प्रभार



**चिल्हारी नवभारत 1 मार्च।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर के सेवानिवृत्त होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत, मानपुर जिला उमरिया का प्रभार प्रत्युष श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सीईओ का प्रभार सौंपा है। विदित हो कि मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के आदेश द्वारा अंकित कुमार सीरोठिया, को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मानपुर के पद पर पदस्थ किया गया है, किन्तु आदेशानुसार श्री सिरोठिया, मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थागत वाल्मी हिल्स, कलियासोत बांध, भोपाल में 45 दिवस तक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

पढ़ने वाले बच्चों को सुनहरा अवसर
वृन्दावन पापड़ी चौराहा स्थित लाल पत्थर मन्दिर में संस्कृत भाषा एवं वेदों की शिक्षा नि:शुल्क दी जाती है, साथ ही आश्रम में काम करने वालो की आवश्यकता है
योग्यता अनुसार वेतन दिया जाएगा
विशेष जानकारी के लिए
सम्पर्क करें श्री प्रभू जी महराज मोबाइल नं. 7983211247 वृन्दावन धाम है

रामेष्ट तीर्थ यात्रा कार्यालय चिल्हारी
करीला धाम की पावन यात्रा
गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दिनांक 7/3/2026 को रंग पंचमी के पावन सुअवसर पर कार्यालय द्वारा बसे करीला धाम के लिए रवाना हो रही है जाने वाले श्रद्धालुओं से निवेदन है कि समयानुसार 500 रुपये जमाकर सीट सुरक्षित करा लें शेष 1000 रुपये गाड़ी में बैठते समय लिया जाएगा कुल किराया 1500 रुपये प्रति व्यक्ति लिया जाएगा
मार्ग चिल्हारी, बाघेश्वर धाम, पन्ना जुगुल किशोर, श्रीराम ओरक्षा जटा शंकर, बांदकपुर मोहास आदि धार्मिक स्थलों के दर्शन करा कर यथा स्थान पहुंचाया जाएगा विशेष जानकारी के लिए प्रबन्धक से सम्पर्क करें
प्रबंधक - रमाकांत तिवारी
रामेष्ट तीर्थ यात्रा कार्यालय चिल्हारी जिला उमरिया (म.प्र.)
मो.नं.-8815089996 एवं 8357835710
नोट : - 1. एडवांश राशि जमा होने पर वापस नहीं होगी।
2. किराये की राशि उधार नहीं होगी।
3. धर्मशाला एवं आटो का किराया यात्री को स्वयं देना होगा।
4. 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों का आधा किराया देना होगा।